Rajasthan Patrika

RAS Pre Result Will Be Announced Next Week

जोधपुर
राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) अगले सप्ताह की शुरुआत में आरएएस-2016 प्री परीक्षा का परिणाम घोषित कर देगा। एक पखवाड़े के भीतर सिविल सर्विस 'परिणाम की घोषणा' अपने आप में रिकॉर्ड होगी। मुख्य परीक्षा दिसम्बर के मध्य में आयोजित की जाएगी। इसी के साथ अगले महीने तक आरएएस-2017 की भर्ती भी निकाल दी जाएगी। उधर, आरपीएससी से सैकण्ड ग्रेड टीचर परीक्षा की तिथियां भी घोषित कर दी हैं। यह परीक्षा 20 से 25 नवम्बर के मध्य समस्त जिला मुख्यालयों पर होगी।